22E—ADHI

2022

ADVANCE HINDI

Full Marks : 100

Pass Marks : 30

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

ALLOTMENT OF MARKS

Q. No. **1** carries *1* mark each	1×12 = 12
Q. No. **2** carries *2* marks each	2×12 = 24
Q. No. **3** carries *4* marks each	4× 8 = 32
Q. No. **4** carries *6* marks each	6× 2 = 12
Q. No. **5** carries *10* marks each	10× 2 = 20
	Total = 100

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×12=12

(क) कबीर भक्तिकाल की किस शाखा के प्रतिनिधि कवि हैं?

(ख) सूरदास के गुरु का नाम क्या था?

(ग) भरत की माँ का नाम क्या था?

(घ) कवि रहीम का पूरा नाम लिखिए।

(ङ) 'धरती पर स्वर्ग' कविता किस पुस्तक से ली गई है?

(च) सुमित्रानंदन पंत किस युग के कवि हैं?

(छ) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' जी की कुल कितनी कहानियाँ उपलब्ध हैं?

(ज) 'उसकी माँ' कहानी के कहानीकार कौन हैं?

(झ) 'उत्साह' किस प्रकार का निबंध है?

(ञ) 'हार की जीत' कहानी में घोड़े का नाम क्या है?

(ट) अरुणाचल प्रदेश में प्रमुख आदिवासी जनजातियों की संख्या कितनी है?

(ठ) दिल्ली की नींव कब और किसने रखी?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×12=24

खण्ड—क

(इस खण्ड से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 2×8=16

(क) "सींचौ पेड़ पीवै सब डारी" के माध्यम से कबीरदास क्या कहना चाहते हैं?

(ख) बालक कृष्ण को लेकर माता यशोदा के मन में कैसी अभिलाषा थी?

(ग) मन की व्यथा मन में ही रखने को रहीम क्यों कह रहे हैं?

(घ) "जा सिरि तीनि लोक का भारा" के माध्यम से कबीर किसके सिर की ओर इशारा कर रहे हैं?

(ङ) पुत्र के मुख को देखकर यशोदा की प्रतिक्रिया कैसी हुई?

(च) 'ग्राम की वधुएँ' रानी को अज्ञानी क्यों कह रही हैं?

(छ) "कहौ साँवरे से, सखि रावरे को है।" यह कथन कौन और किसके बारे में कह रहा है?

(ज) कवि रहीम थोड़े दिन के लिए विपत्ति का होना क्यों जरूरी मानते हैं? इसके पीछे उनका क्या तर्क है?

(झ) "मुख में तीनि लोक दिखाएँ, चकित भई नंद की रनियाँ" यह किसके मुख में तीनों लोक देखकर कौन चकित रह जाता है?

(ञ) छोटे आदमियों से बड़े काम न होने के पीछे कवि रहीम का क्या तर्क है?

(ट) भ्रम में पड़कर मनुष्य क्या-क्या करते रहते हैं?

(ठ) सीता ने ग्राम-वधुओं के प्रश्नों का जवाब किस प्रकार से दिया?

[*Contd.*

खण्ड—ख

(इस खण्ड से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 2×4=8

(क) कवि गुप्त जी ने कैसी क्रांति की बात कही है?

(ख) "मैं मनुष्यत्व का नाट्य खेलने आया" —यहाँ नाट्य खेलने से कवि का क्या तात्पर्य है?

(ग) जग का हृदय कैसे शांत हो सकता है? 'बादल राग' कविता के आधार पर बताइए।

(घ) "विप्लव रव से छोटे ही हैं शोभा पाते" —इसमें कवि ने किसकी ओर इशारा किया है?

(ङ) कवि पंत जी ताज के निर्माण से नाखुश क्यों हैं?

(च) प्रेत औ' छाया से रति, के माध्यम से सुमित्रानंदन पंत क्या कहना चाहते हैं?

(छ) 'राखी की चुनौती' कविता का मूल स्वर क्या है?

3. (क) धरती को स्वर्ग कैसे बना सकते हैं? 4

अथवा

'बादल राग' कविता का भावार्थ प्रस्तुत कीजिए।

(ख) 'ताज' कविता के आधार पर यह साबित कीजिए कि सुमित्रानंदन पंत मानवतावादी कवि हैं। 4

अथवा

'राखी की चुनौती' कविता का सारांश लिखिए।

(ग) सूबेदारनी ने लहना सिंह से क्या कहा था? लहना सिंह ने सूबेदारनी की बात किस तरह रखी थी? बताइए। 4

अथवा

लहना सिंह के मन में 'कुड़माई' होने की बात सुनकर जो प्रतिक्रिया हुई, उसे विस्तार से लिखिए।

(घ) लाल और उसके साथियों को फाँसी की सजा क्यों सुनाई गई? उनके ऊपर लगे आरोपों को लिखिए। 4

अथवा

'जानकी' की तुलना भारतमाता से किस रूप में की गई है? विस्तारपूर्वक लिखिए।

(ङ) 'हार की जीत' कहानी के आधार पर खड़ग सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए। 4

अथवा

"निज की हानि को मनुष्यत्व की हानि पर न्योछावर कर दिया।" यहाँ किसकी हानि और किस न्योछावर की बात कही गई है?

(च) "साहसपूर्ण आनंद की उमंग का नाम 'उत्साह' है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। 4

अथवा

समाज सुधार के आंदोलन के नाम पर लोग किस प्रकार गंदगी फैला देते हैं? 'उत्साह' निबंध के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(छ) गाँधी के धार्मिक मतों की समीक्षा कीजिए। 4

अथवा

गाँधी और कबीर की विचारधाराओं में क्या-क्या समानता है? लिखिए।

(ज) भारत का राज्य होते हुए भी अरुणाचल प्रदेश के लिए राज्य सरकार का प्रवेश-पत्र दिखाना क्यों जरूरी है? 4

अथवा

"बनाने वाले मर जाएँगे, लेकिन सड़क जिंदा रहेगी" —कथन का आशय बताइए।

4. (क) 'उसकी माँ' कहानी के आधार पर लाल का चरित्र-चित्रण कीजिए। 6

अथवा

'हार की जीत' कहानी का सारांश लिखिए।

(ख) मुगल शासकों के काल में दिल्ली का उत्कर्ष किस प्रकार हुआ? 'दिल्ली की आपबीती' निबंध के आधार पर बताइए। 6

अथवा

"हजार साल की अपनी जिन्दगी में बराबर बनती-बिगड़ती रही हूँ।" दिल्ली के इस कथन की समीक्षा कीजिए।

5. (क) तुलसीदास का साहित्यिक परिचय दीजिए। 10

अथवा

प्रगतिवादी काव्य की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5×2=10

(i) सूरदास

(ii) सरस्वती पत्रिका

(iii) प्रेमचंद

(iv) भारतेंदु

(v) अष्टछाप

***